Need to provide stoppage of Patna-Ranchi Vande Bharat Express at Jehanabad Railway Station - laid

श्री चन्देश्वर प्रसाद (जहानाबाद):पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलने से पहले बजट सत्र के दौरान मंत्री महोदय ने वंदे भारत ट्रेन का स्टॉपेज जहानाबाद में करने का आश्वासन मुझे दिया था । ट्रायल रन के दौरान भी यह ट्रेन जहानाबाद स्टेशन पर रुका परन्तु अचानक समय सारणी बनने के बाद देखा गया कि जहानाबाद में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नहीं है। मैं जहानाबाद से आकर ट्रेन चलने से पहले मंत्री महोदय से मिला और जहानाबाद स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव करने का आग्रह किया । मंत्री महोदय ने मुझे पुनः आश्वासन दिया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव जहानाबाद स्टेशन पर करने की व्यवस्था करें और अगर किसी वजह से या तकनीकी कारण से यह संभव नहीं है तो 1 महीने के अंदर हर हाल में ठहराव सुनिश्चित किया जाए। परंतु डेढ़ महीना बीतने के बाद भी वंदे भारत ट्रेन का स्टॉपेज जहानाबाद में नहीं हुआ है। मैं रेल मंत्री जी को यह बताना चाहता हूं कि लगभग 100 किलोमीटर रेडियस में रहने वाले लाखों लोग जहानाबाद स्टेशन का उपयोग करते हैं। ट्रेन का स्टॉपेज नहीं होने से लोगों में काफी आक्रोश है क्योंकि बिहार में पटना के बाद सिर्फ गया में जो 100 किलोमीटर दूर है, स्टॉपेज है बाक़ी स्टॉपेज झारखंड में है। पटना और गया के बीच में जहानाबाद में स्टॉपेज दे देने से यात्रियों को काफी सुविधा मिल जाएगी । मेरा रेल मंत्री महोदय से फिर आग्रह है कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव जहानाबाद स्टेशन पर करने का निर्देश जारी करें ।

____

माननीय सभापति: आइटम नम्बर 18, अंतर-सेना संगठन (कमान, नियंत्रण और अनुशासन) विधेयक, 2023, माननीय मंत्री जी ।? (व्यवधान)

<u>**12.14 hrs**</u>